आदेश

आरक्षित श्रेणी के **अनुसूचित जाति** के बैकलाग की पूर्ति हेतु अक्टूबर, 2007 में विज्ञापित रिक्तियों के सापेक्ष **कला प्रशिक्षक (मैकेनिकल)** के पद पर चयनित अभ्यर्थी **श्री दीपराज पुत्र श्री धरमपाल सिंह, पता–2/31, विद्युत कालोन, गोविन्द नगर, कानपुर,** उ0प्र0 को वेतनमान रूपये–**4500–125–7250** में **राजकीय गोविन्द बल्लभ पन्त पालिटेकनिक, मोहान रोड, लखनऊ** में उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 02 वर्ष की परिवीक्षा अवधि, जिसे नियमानुसार बढ़ाया जा सकता है, पर निम्नलिखित शर्तों के अधीन एतद्द्वारा पूर्णतया अस्थायी रूप से नियुक्त किया जाता है। इन्हें वेतन के अतिरिक्त समय–समय पर शासन द्वारा स्वीकृत दर से मंहगाई भत्ता तथा अन्य भत्ते भी नियमानुसार देय होंगे।

1– उपर्युक्त नियुक्ति अभ्यर्थी के चरित्र प्रागवृत्त एवं अन्य प्रमाण पत्र के सत्यापन के पश्चात प्रतिकूल होने की दशा में समाप्त कर दी जायेगी और इस आधार पर अभ्यर्थी का किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

2– इनकी यह नियुक्ति पूर्णतया अस्थायी है, तथा उभय पक्ष द्वारा एक माह का नोटिस अथवा उसके बदले एक माह का अग्रिम वेतन देकर सेवायें किसी भी समय समाप्त की जा सकती हैं। कार्यभार ग्रहण करते समय इन्हें निम्नलिखित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे–

1– मुख्य चिकित्साधिकारी प्रदत्त शारीरिक स्वस्थता का प्रमाण पत्र।
2– राजपत्रित अधिकारी के सम्मुख हस्ताक्षरित निष्ठा का प्रमाण पत्र।
3– शादी के संबंध में प्रमाण पत्र।
4– चल–अचल सम्पत्ति का प्रमाण पत्र।
5– किन्हीं दो राजपत्रित अधिकारियों द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र जो अभ्यर्थी के निकट संबंधी न हों।
6– शैक्षिक योग्यता, जाति एव अनुभव प्रमाण पत्र।
7– अन्तिम शिक्षा प्राप्त विद्यालय/संस्था का चरित्र प्रमाण पत्र।
8– विदेश में रहने वाले संबंधियों का विवरण।

उक्त कर्मचारी की प्रथम नियुक्ति होने के कारण योगदान करने के लिए इन्हें किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। **श्री दीपराज** अपने योगदान की सूचना आदेश प्राप्ति के पन्द्रह दिन के अन्दर **प्रधानाचार्य राजकीय गोविन्द वल्लभ पन्त पालिटेकनिक, मोहान रोड, लखनऊ** के समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के अन्दर कार्यभार ग्रहण न करने पर नियुक्ति आदेश स्वतः निरस्त समझा जायेगा।

18/12

(एस0 के0 वर्मा)
निदेशक।

निदेशालय, समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश।

संख्या– 1029–35 स0क0/बैकलाग–'ग'/स्था–2/2007–08 दिनॉक लखनऊ 18 दिसम्बर, 2007

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2– मण्डलीय उप निदेशक, समाज कल्याण, लखनऊ।
3– वरिष्ठ कोषाधिकारी, लखनऊ।
4– जिला समाज कल्याण अधिकारी, लखनऊ।
5– प्रधानाचार्य, राजकीय गोविन्द वल्लभ पन्त पालिटेकनिक, मोहान रोड, लखनऊ।
6– श्री दीपराज पुत्र श्री धरमपाल सिंह, पता–2/31, विद्युत कालोन, गोविन्द नगर, कानपुर, उ0प्र0। रजिस्टर्ड
7– वैयक्तिक पत्रावली हेतु।

(फूलचन्द)
उप निदेशक,
मुख्यालय।